भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2236
उत्तर देने की तारीख 5 अगस्त, 2024
सोमवार, 14 श्रावण, 1946 (शक)

संकल्प कार्यक्रम

2236. श्री डग्गुमल्ला प्रसादा राव:

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आन्ध्र प्रदेश राज्य में संकल्प कार्यक्रम की परियोजना एम्बर (एएमबीईआर) के अंतर्गत क्लाउड-कौशल में प्रशिक्षित महिलाओं की संख्या का जिला-वार ब्योरा क्या है;

(ख) आंध्र प्रदेश राज्य में इस प्रशिक्षण को सुविधाजनक बनाने के लिए जिले-वार कितनी मशीनें और अन्य प्रौद्योगिकी संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं;

(ग) आंध्र प्रदेश राज्य में क्लाउड कौशल में महिलाओं के प्रशिक्षण के लिए संकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत वितरित धनराशि का वर्ष-वार ब्योरा क्या है;

(घ) आन्ध्र प्रदेश राज्य में प्रशिक्षित व्यक्तियों के लिए रोजगार के संदर्भ में परियोजना के क्या परिणाम निकले; और

(ङ) रोजगार प्राप्त करने वाले प्रशिक्षुओं की जिला-वार संख्या का ब्योरा क्या है?

उत्तर

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) आंध्र प्रदेश राज्य में बेहतर रोजगार और प्रतिधारण (अंबर) परियोजना के अंतर्गत "क्लाउड एप्लिकेशन डेवलपर" जॉब रोल में प्रशिक्षित महिलाओं की जिला-वार संख्या नीचे दी गई है:

राज्य	जिला	प्रशिक्षित
आंध्र प्रदेश	गुंटूर	22
	विशाखापत्तनम	45

(ख) परियोजना के डिजाइन में मशीनों या तकनीकी संसाधनों का प्रावधान शामिल नहीं है। कार्यान्वयन एजेंसी को विशिष्ट उपकरणों और अन्य संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी।

(ग) आजीविका संवर्धन के लिए कौशल अर्जन और ज्ञान जागरूकता (संकल्प) के अंतर्गत, स्वीकृत परियोजना के लिए निधि कार्यान्वयन एजेंसी को जारी की जाती है, जो समग्र प्रगति और अंतिम लक्ष्य की उपलब्धि से जुड़ी होती है। निधि का वितरण स्कीम-वार या राज्य-वार नहीं किया जाता है।

(घ) और (ङ) आंध्र प्रदेश राज्य में अम्बर परियोजना में प्रशिक्षित और नियुक्त उम्मीदवारों की संख्या क्रमशः 1108 और 573 है, जिनका जिला-वार विवरण निम्नानुसार है।

ज़िला	प्रशिक्षित	नियोजित

अनंतपुर	393	287
कृष्णा	225	165
विजयनगरम	53	18
गुंटूर	174	42
विशाखापत्तनम	263	61
योग	**1108**	**573**

*****